**दिनांक : 30-05-2018**

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण
# वित्तीय वर्ष- 2016-17

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

Association for Democratic Reforms
T-95, II floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से अधिक प्राप्त दान का विश्लेषण - वित्तीय वर्ष- 2016-17

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों द्वारा सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है |

इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सात राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित की गयी दान का विश्लेषण है | यह सात राष्ट्रीय दल : बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी, सीपीआई, सीपीएम, बसपा और त्रिणमूल कांग्रेस हैं |

## सारांश


**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु :**

I. **<u>रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण : राष्ट्रीय दल वि व्. 2016-17</u>**

a) राष्ट्रीय दलों द्वारा वि व् 2016-17 में अर्जित की गयी रु 20,000 से अधिक की दान राशि **रु 589.38 करोड़** है **जो 2123 दानों** द्वारा प्राप्त हुआ |

b) **बीजेपी** को **1194 दानों** द्वारा पूरे भारतवर्ष से **रु 532.27 करोड़** प्राप्त हुआ और **कांग्रेस** को **599 दानों** से **रु 41.90 करोड़** मिला | **बीजेपी** का कुल दान बाकी **6 राष्ट्रीय दलों** के कुल दान से **9 गुना** से अधिक है |

c) **बसपा** ने पिछले **ग्यारह वर्षों** की तरह, इस वित्तीय वर्ष में भी यह दर्शाया है की पार्टी को रु 20,000 से अधिक का दान **वित्तीय वर्ष 2016-17** के दौरान प्राप्त नही हुआ है |





II. **<u>वि व् 2015-16 और 2016-17 में राष्ट्रीय दलों को प्राप्त दान की तुलना</u>**

a) वि व् 2015-16 के कुल दान ( रु 102.02 करोड़) की तुलना में राष्ट्रीय दलों की कुल दान इस साल (वि व् 2016-17) में **478%** या **रु 487.36 करोड़** की बढ़ोतरी देखी गयी है |

b) **बीजेपी** के दान में **593%** की बढ़ोतरी हुई है जो वि व् 2015-16 के दौरान पार्टी ने रु **76.85 करोड़** घोषित किया था पर वि व् 2016-17 में यह राशि बढ़कर **रु 532.27 करोड़** हो गयी |

c) **तृणमूल कांग्रेस** के अपने दान रिपोर्ट में **231%** की वृद्धि दर्शायी है वही **सीपीएम** और **कांग्रेस** के दान में क्रमशः **190%** और **105%** की बढ़ोतरी हुई है | यह बढ़ोतरी वि व् **2015-16** और वि व् **2016-17** के दान रिपोर्ट के विश्लेषण में देखी गयी |





III. <u>**राष्ट्रीय दलों के आय के स्रोत : वि व् 2016-17**</u>

a) वित्तीय वर्ष 2016-17 में 7 राष्ट्रीय दलों की कुल आय **रु 1559.17 करोड़** है |

b) वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, राष्ट्रीय दलों ने **ज्ञात दान** दाताओं से कुल **रु 589.38 करोड़** का दान प्राप्त किया जो इस वर्ष की दलों द्वारा प्राप्त कुल आय का **37.80%** है | ज्ञात स्त्रोत- रु 20,000 से अधिक के दान, जिसका विवरण राजनीतिक दल चुनाव आयोग को हर साल जमा करते हैं |

c) दूसरे ज्ञात स्त्रोंतो से (उदाहरण के लिए - परिसम्पत्तियों की बिक्री, सदस्ता शुल्क, बैंक ब्याज, प्रकाशनों की बिक्री और पार्टी लेवी ) राष्ट्रीय दलों को प्राप्त आय **रु 258.99 करोड़** है जो कि कुल आय का **16.61%** है |

d) 7 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में **अज्ञात स्त्रोतों** (ऑडिट रिपोर्ट में निर्दिष्ट आय जिसका स्त्रोत अज्ञात है) से **रु 710.80 करोड़** की धनराशि पूरे भारतवर्ष से अर्जित की है जोकि दलों द्वारा अर्जित कुल आय का **45.59%** है |





* Other known income include: sale of moveable & immoveable assets, old newspapers, membership fees, delegate fee, bank interest, sale of publications and levy

IV. **राष्ट्रीय दलों द्वारा ऑडिट रिपोर्ट में घोषित अज्ञात स्त्रोतों का विवरण**

a. वि व् 2016-17 के दौरान, अज्ञात स्त्रोतों से बीजेपी को **रु 464.94 करोड़** की आय प्राप्त हुई | अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त कुल आय का **99.98%** या **रु 464.84 करोड़** "स्वैच्छिक योगदान" से मिला है |

b. अज्ञात स्त्रोतों से **कांग्रेस** को **रु 126.12 करोड़** की आय प्राप्त हुई | अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त कुल आय का **91.69%** या **रु 115.64 करोड़** ''कूपन की बिक्री'' से मिला है |





V. **वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित नकद दानराशि**

29 अगस्त 2014 को चुनाव आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि " **कोई भी व्यक्ति या कंपनी, जो नकदी के माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देगी उसे कर में कोई छूट नही दी जायेगी**" | यह अधिसूचना वि व् 2015-16 से लागू किया गया था | इस वजह से राजनीतिक दलों को नकदी के माध्यम से दान देने वाले दान-दाताओं की कमी देखी गयी है | वि व् 2015-16 के दौरान राजनीतिक दलों को **नकद** के माध्यम से **1.42%** (रु 1.45 करोड़, 112 दानों से) का दान रु 20,000 से अधिक की राशि में प्राप्त हुआ था |

a. वि व् 2016-17 के दौरान राष्ट्रीय दलों को कुल **रु 589.38 करोड़** का दान प्राप्त हुआ है, जिसमें **101 दान दाताओं** ने नकदी के माध्यम से **रु 52.27 लाख** का दान दिया, जो पूरे दान का **0.09%** है |

b. नकदी के माध्यम से **सीपीआई** ने सबसे अधिक **रु 22.61 लाख** का दान 10 राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों से, **सीपीएम** ने **रु 14.84 लाख** और **कांग्रेस** ने **रु 14.82 लाख** का दान चार-चार राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों से प्राप्त किया है |

c. सभी राज्यों में से राष्ट्रीय दलों को **दिल्ली** से **रु 14.35 लाख** और **तमिलनाडु** से **रु 13.73 लाख** का दान **नकदी** के माध्यम से प्राप्त हुआ है |




VI. **<u>राष्ट्रीय दलों का राज्यवार दान - नकद, चेक / डीडी, बैंक स्थानान्तरण द्वारा प्राप्त दान</u>**

a. चुनाव आयोग में दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट से, एडीआर/एन.इ.डब्लू ने दान दाताओं द्वारा घोषित किये गए पते से राष्ट्रीय दलों का राज्यवार विवरण किया है |

b. वि व् 2016-17 में, राष्ट्रीय दलों को दिल्ली से कुल **रु 290.90 करोड़**, महाराष्ट्र से **रु 112.31 करोड़** और उत्तर प्रदेश से **रु 20.22 करोड़** का दान मिला है |

c. राष्ट्रीय दलों द्वारा अपने दान रिपोर्ट में दान दाताओं की अधूरी जानकारी देने के कारण, दलों के कुल दान का **15.59%** या **रु 91.91 करोड़** का दान, किसी राज्य या संघ शासित प्रदेशों से नहीं जोड़ा जा सकता था |





VII. **<u>कॉर्पोरेट दान दाताओं और व्यक्तिगत दान दाताओं</u>**


a. वि व् 2016-17 के दौरान राष्ट्रीय दलों को **रु 563.24 करोड़** (कुल दान का 95.56%) का दान **708 कॉर्पोरेट** दान दाताओं से प्राप्त हुआ है | **रु 25.07 करोड़** का दान (कुल दान का **4.25%**) **1354 व्यक्तिगत दान दाताओं** से प्राप्त हुआ है |

b. **बीजेपी** को **531 कॉर्पोरेट दान दाताओं** से **रु 515.43 करोड़** और **663 व्यक्तिगत दान दाताओं** से **रु 16.82 करोड़** दान प्राप्त हुआ है |

c. **कांग्रेस** को **98 कॉर्पोरेट दान दाताओं** से **रु 36.06 करोड़** का दान मिला और **501 व्यक्तिगत दान दाताओं** से **रु 5.84 करोड़** का दान मिला है |




VIII. **<u>शीर्ष के दो दान दाता : वि व् 2016-17</u>**




a. सत्या इलेक्टोरल ट्रस्ट ने **बीजेपी** और कांग्रेस को कुल **रु 265.12 करोड़** का दान दिया है, यह ट्रस्ट ही दोनों दलों के शीर्ष दो दान दाताओं में से एक है | सत्या इलेक्टोरल ट्रस्ट ने **बीजेपी** को **रु 251.22 करोड़** (कुल प्राप्त दान का **47.20%**)और कांग्रेस को **रु 13.90 करोड़** (कुल प्राप्त दान का **33.17%**) का दान दिया है |
b. **एनसीपी** के शीर्ष दान दाता, B.G. Shirke Construction Technology Pvt Ltd ने सबसे अधिक **रु 2 करोड़** और A.N. Enterprises Infra Services Pvt.Ltd ने **रु 1.10 करोड़** का दान घोषित किया है |

# एडीआर के अवलोकन और सुझाव

## अवलोकन

**दान रिपोर्ट में जानकारी का अधूरा प्रकटीकरण**

a. सात राष्ट्रीय दलों में से, चार (भाजपा, कांग्रेस, सीपीआई और सीपीएम) ने अपने दान रिपोर्ट में **166** दान दाताओं का पैन विवरण नही दिया है जिनसे दलों को **रु 2.86 करोड़** का दान मिला | **कांग्रेस** ने **88 दान दाताओं** से **रु 1.69 करोड़** प्राप्त की लेकिन इन दान दाताओं का पैन विवरण उपलब्ध नही है |
b. वि व् 2016-17 के लिए **बीजेपी** का केवल एक दान से (रु 1 लाख) और **सीपीएम** को दो दान से (रु 2.25 लाख ) प्राप्त चंदे का पैन विवरण घोषित नहीं है |
c. **त्रिणमूल कांग्रेस** ने अपने दान रिपोर्ट में चेक/ डीडी नंबर, बैंक का नाम, चेक/ डीडी प्राप्ति की तारीख जैसे जानकारी घोषित नही किया है | वि व् 2016-17 में, बिना मोड ऑफ़ पेमेंट्स की, पार्टी ने **12 दान दाताओं** से **रु 2.15 करोड़** इकट्ठा किया है |
d. सीपीआई ने भी अपने दान रिपोर्ट में चेक/ डीडी नंबर, बैंक का नाम, चेक/ डीडी प्राप्ति की तारीख जैसे जानकारी घोषित नही किया है | बिना मोड ऑफ़ पेमेंट्स से , पार्टी ने **33 दान दाताओं** से **रु 37.41 लाख** इकट्ठा किया है |
e. हालांकि सीपीआई को **56 राज्य सचिवों तथा जिला परिषदों** ने **रु 1.04 करोड़** का दान दिया है, पार्टी ने उनका नाम और पैन नंबर घोषित नहीं किया है और **75 दान दाताओं** से **रु 1.13 करोड़** का दान बिना पैन विवरण के घोषित किया है |
f. वि व् 2016-17 के दौरान बिना पता और बिना मोड ऑफ़ पेमेंट्स के बीजेपी ने कुल **रु 1.54 करोड़ 26 दानों** द्वारा घोषित किया है |

**देरी से जमा की गयी दान रिपोर्ट :** ऑडिट रिपोर्ट की तरह राजनीतिक दल दान रिपोर्ट भी चुनाव आयोग में देरी से जमा कर रहे हैं | राष्ट्रीय दलों को दान रिपोर्ट जमा करने की तिथि 30 सितम्बर 2017 थी | **बीजेपी** ने **87 दिन**, **तृणमूल कांग्रेस** ने **26 दिन** और **सीपीएम** ने **55 दिन** बाद अपना दान रिपोर्ट चुनाव आयोग में जमा किया है | केवल बसपा, सीपीआई, एनसीपी और कांग्रेस ने अपना दान रिपोर्ट निर्धारित तिथि से पहले जमा किया है |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक, दलों द्वारा रु 20,000 ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए ।
- क्योंकि राजनीतिक दलों कि आय का अधिकतम प्रतिशत (80%) अज्ञात स्त्रोतों से आता है| दान दाताओं कि पूरी जानकारीए सार्वजानिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए । भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है| इन देशों में किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 75% अज्ञात रहना असम्भव होगा|
- सार्वजानिक जाँच हेतु राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों को अपने दल को मिले दान का उचित तथा पूर्ण विवरण समय पर चुनाव आयोग को जमा कर देना चाहिए, फलस्वरूप ये वित्तीय पार्दर्शिता को प्रोत्साहित करेगा।
- राजनीतिक दलों को सुचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए। ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा ।

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के दान का विवरण (वित्तीय वर्ष 2016-17) की जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/political_parties_Contribution_report_2017.aspx से लिया गया है | रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए दान का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के दान दाताओं की पूरी सूचि देखने किए लिए कृपया यहाँ क्लिक करें : **http://myneta.info/party**

## सम्पर्क



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br><br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj Gen Anil Verma (Retd)<br>Head - NEW & ADR<br><br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd)<br><br>Founder Member- NEW & ADR<br><br>+919999620944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br><br>Founder Member - NEW & ADR<br><br>+919448353285,<br>trilochans@iimb.ernet.in |